भरत झा, निदेशक, नगरपालिका प्रशासन–सह–अपर सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, द्वारा दिनांक 18.07.2018 को नगर परिषद समस्तीपुर का भ्रमण संबंधी प्रतिवेदन :–

1. **मुख्यमंत्री गली–नली पक्कीकरण निश्यच योजना** – कुल 101 योजनाओं में से 80 का निविदा निस्तार हुआ है जिसमे से मात्र 24 का एकरारनामा किया गया है। शेष को एकरानामा करने के लिए 25.05.2018 को सूचना निर्गत किया गया है। 21 योजनाओं के लिए पुनर्निवादा किया जाना है परंतु निविदा प्रकाशन हेतु सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में आग्रिम राशि जमा नहीं करने के कारण निविदा का प्रकाशन नहीं हुआ है। शीघ्र आग्रिम राशि जमा कर निविदा प्रकाशित करने का निदेश दिया गया है। पूर्व की योजनाएँ पूर्ण बतायी गयी।

(i) वार्ड नं. 2 में चकनोर रोड से मन्नु पासवान के घर तक नाली–गली निर्माण योजना का निरीक्षण किया गया। ढलाई कार्य ठीक प्रतीत हुआ। सड़क के बीच में नाला का निर्माण किया गया है जो Covered है।

इसी योजना में सुकन पासवान के घर से अरूण पासवान के घर तक निर्माणाधीन नाला का निरीक्षण किया। यहाँ के लोगों ने बताया कि बरसात में यहाँ बहुत पानी जमा हो जाता है अतएव नाला की बहुत आवश्यकता थी। गली के बीच दोनों ओर जमीन छोड़कर ईंट जोड़ाई कर नाला निर्माण किया जा रहा था। पूछने पर बताया गया कि खाली जमीन को भर कर उसका level ठीक किया जाएगा। यह पाया गया कि नल–जल योजना में जो पाइप विछाया गया है उसके उपर से ईंट जोड़ाई कर दिया गया है जिससे नल जल योजनाआ से लोगों के घर में पानी का connection में दिक्कत होगा। बी0आर0जे0पी0 के संवेदक और कार्यपालक पदाधिकारी को इस पर विचार कर आगे कार्य कराने का निदेश दिया गया।

2. **मुख्यमंत्री पेयजल निश्चय योजना** – कुल 28 वार्डों में से 23 वार्डों में बी0आर0जे0पी0 के द्वारा तथा शेष 1, 2, 3, 9 एवं 10 में नगर परिषद द्वारा कार्य कराया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा बताया गया कि 1, 2, एवं 9 वार्ड में अबतक 500 घरों में पेयजल की व्यवस्था की जा चुकी है।

बी0आर0जे0पी0 के द्वारा अपने क्षेत्र को तीन जोन में बाँट कर लक्ष्य प्राप्ति की कार्रवाई की जा रही है। 2 जोन के 15 वार्ड में पाइप विछाने का कार्य हो गया है।

निरीक्षण के क्रम में वार्ड न0 9 में खुशी ड्रेसेज के सामने पाइप विछाया जा रहा था। वहीं पर बगल में सड़क के किनारे Pavement पर बोरींग किया गया है जिसके बारे में बताया गया कि यह नगर परिषद की जमीन है। परंतु यह आने जाने का रास्ता है। बिजली connection के संबंध में बताया गया कि बगल वाले घर पर बिजली का बोर्ड लगाया जाएगा।

वार्ड नं0 2 में पेयजल connection का जाँच किया। यह पाया गया कि सड़क के किनारे से मुश्किल से 6–7 फीट की दूरी पर अधिकांश घरों के बाहरी दिवाल पर पाइप का क्लीप लगाकर नल लगा दिये गये है। अधिकांश में नल गायब हो चुका है। Radiance School वाली गली में तो अधिकांश connection ऐसे जगह लगे गये जहाँ पूर्व से गृह स्वामी का स्वयं का मोटर एवं बोरींग स्थापित है। नियमानुसार वैसे घरों में connection नहीं दिया जाना है। कुछ

प्राप्ति तिथि 23 JUL 2018
पत्र पंजी 24 JUL 2018 संख्या 8100

घरों के अंदर भी पाइप जाते हुए देखा गया। संभवतः पाइप के connection की संख्या अधिक करने हेतु वेतरतीव ढंग से connection कर दिये गये है।

बी0आर0जे0पी0 द्वारा मॉडल स्कूल में निर्माणाधीन वाटर टावर को देखा। बोरिंग कार्य पूर्ण हो गया है। वाटर टावर के कार्य में मजदूर लगे थे। कार्य काफी प्रगती में है। इस वाटर टावर से 7 वार्डों को आच्छादित करने का लक्ष्य बताया गया जिसमें लगभग 10 की0मि0 रेडियस में पाइप विछाने का कार्य पूर्ण होने की सूचना दी गई। उपस्थित कई पार्षदों द्वारा यह शिकायत की गई कि बिना restoration कार्य किये हो बी0आर0जे0पी0 के द्वारा शहर में पाइप विछाया जा रहा है। इस संबंध में मेरे द्वारा प्रबंध निदेशक, बी0आर0जे0पी0 से बात कर उन्हे अवगत कराया गया। उन्होने कार्य अभियंताओं को भेज कर जाँच करने का आश्वासन दिया। बी0आर0जे0पी0 के संवेदक का कहना था कि restoration तो हो गया है परंतु कालीकरण नहीं हुआ है।

3. **सबके लिए आवास** :– नगर परिषद समस्तीपुर में कुल 260 आवास स्वीकृत किया गया परंतु मात्र 85 लाभुकों के पास ही विवादरहित भूमि पाये जाने के कारण उन्हें कार्यादेश निर्गत किया है जिसमें 70 को प्रथम किस्त तथा 42 को द्वितीय किस्त दिया गया है। स्थल निरीक्षण क्रम में वार्ड नं0 2 में जलीमा खातुन पति मो0 असगर के घर का निरीक्षण किया। इन्हे ₹1.50 लाख रूपये का भुगतान किया जा चुका है परंतु इनके द्वारा अभी तक प्लास्टर, खिड़की का कार्य नहीं किया गया है। शौचालय बना हुआ था।

   लगभग यही स्थिति खुर्शीदा खातुन पति मो0 मंजूर अंसारी के घर का भी पाया गया।

   इसी योजना में वार्ड नं0 20 में दीनु नारायण पासवान के घर का निरीक्षण में मात्र खुदाई किया हुआ पाया, जिन्हें शीघ्र कार्य प्रारंभ करने का निदेश दिया गया।

4. **स्वच्छ भारत मिशन** – कुल 810 शौचालय निर्माण के लक्ष्य के विरूद्ध 652 पारिवारों को कार्यादेश दिया गया था जिसमें अबतक 615 शौचालय पूर्ण किये गये है। नगर परिषद के पास 4 पुराना mobile toilet है। जिसे कार्यपालक पदाधिकारी, द्वारा मरम्मत कराने की सूचना दी गई। उससे करीब 24 परिवारों के लिए मोबाईल टायलेट के व्यवस्था की जा रही है।

   वार्ड नं0 2 में मोहीद्दीन अंसारी के शौचालय घर एसबेस्टस का पाया गया। इसी तरह वार्ड नं0 26 में शिव नारायण पासवान परमेश्वर पासवान का शौचालय घर भी एसबेस्टस का पाया गया जो नियमानुसार सही नहीं है।

(भरत झा)
निदेशक, नगरपालिका
–सह–अपर सचिव

**ज्ञापांक** – 36 **/न0वि0एवं आ0वि0/पटना, दिनांक** 23/7/2018

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव के आप्त सचिव/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा –2 नगर विकास एवं आवास विभाग को सूचनार्थ एवं आवाश्यक कार्रवाई हेतु प्रषित।

(भरत झा)
निदेशक, नगरपालिका
–सह–अपर सचिव